<u>प्रेस प्रकाशनी</u>

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए सूचना के विनिमय और साझेदारी के संबंध में सहयोग और समन्वय हेतु अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र प्राधिकरण (आईएफएससीए) के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये हैं।
आईआरडीएआई और आईएफएससीए ने निम्नलिखित विषयों पर सहयोग और समन्वय हेतु आईआरडीएआई, हैदराबाद के कार्यालय में 1 अप्रैल 2022 को एक एमओयू कर लिया है।

(क) यह सुनिश्चित करना कि उनके संबंधित अधिकार-क्षेत्रों के अंतर्गत *'विनियमित संस्थाओं'* के परिचालन विवेकपूर्ण ढंग से संचालित किये जाएँ;

(ख) पारस्परिक हित के क्षेत्रों में तकनीकी सहयोग और सहायता के संबंध में;

(ग) क्षमता निर्माण की पहलुओं के अतिरिक्त, परामर्श, विकास और प्रवर्तन के लिए सूचना का आदान-प्रदान; तथा

(घ) अपने संबंधित अधिकार-क्षेत्रों में प्रभावी ढंग से पर्यवेक्षी कार्य निष्पादित करने में एक दूसरे को सहायता प्रदान करना।

हैदराबाद
1 अप्रैल 2022